**दिनांक 02.02.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान एवं दरभंगा प्रक्षेत्राधीन कार्यान्वित 500 करोड़ से अधिक की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण एवं संवेदक की सूची परिशिष्ट–1 में संलग्न।**

**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान प्रक्षेत्र**

1. **पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली (सारण मुख्य नहर एवं इसकी वितरण प्रणाली) के पुनर्स्थापन (ई0आर0एम0) योजना अन्तर्गत सभी नौ ग्रुपों के कार्यों की समीक्षा की गई :–**

समीक्षा के क्रम में अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02 द्वारा योजना की पृष्ठभूमि एवं योजना के उद्देश्य से प्रधान सचिव को अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत वाल्मीकिनगर में गंडक नदी पर वाल्मीकिनगर बैराज के पश्चिमी शीर्ष नियामक से मुख्य पश्चिमी नहर निकलती है। मुख्य पश्चिमी नहर का 0.00 कि०मी० से 19.05 कि0मी0 तक का भाग नेपाल क्षेत्र में तथा 19.05 कि०मी० से 131.40 कि०मी० तक का भाग उत्तर प्रदेश में है। मुख्य पश्चिमी नहर के शीर्ष पर रूपांकित जलश्राव 18800 क्यूसेक है। मुख्य पश्चिमी नहर के 131.40 कि0मी0 जहाँ से बिहार का क्षेत्र प्रारंभ होता है, इसे सारण मुख्य नहर के नाम से जाना जाता है। सारण मुख्य नहर की कुल लंबाई 65.55 कि0मी0 एवं इसके बिहार मे प्रवेश बिन्दु पर रूपांकित जलश्राव 8530 क्यूसेक है।

गोपालगज, सिवान एवं सारण जिलान्तर्गत 1.58 लाख हे० सिंचाई क्षमता का सृजन एवं 1.47 लाख हे0 सिचाई क्षमता के पुनर्स्थापन हेतु पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन (ई0आर0एम0) हेतु वर्ष 2014 में राज्य मद अन्तर्गत रू0 2061.8288 करोड़ की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी।

इस योजना का कार्यान्वयन 09 अदद ग्रुपों में विभक्त कर वर्ष 2014–15 में प्रारंभ किया गया था। वर्तमान में इस योजना की समेकित भौतिक प्रगति 60 प्रतिशत एवं वित्तीय प्रगति 59 प्रतिशत है। सिंचाई क्षमता के पुनर्स्थापन हेतु निर्धारित लक्ष्य 1.47 लाख हे० के विरूद्ध 1.005 लाख हे० का पुनर्स्थापन एवं सिंचाई क्षमता के सृजन हेतु निर्धारित लक्ष्य 1.50 लाख हे० के विरुद्ध 0.753 लाख हे0 का सृजन की उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है।

योजना की ग्रुपवार समीक्षा की गयी, जिसकी स्थिति निम्नवत् है :–

| ग्रुप सं0 | संवेदक | प्रमंडल | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि | कार्य की लागत राशि (करोड़ में) | भौतिक प्रगति (प्रतिशत में) | वित्तीय प्रगति (प्रतिशत में) | कार्य की प्रगति में मुख्य व्यवधान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | M/S RKS Engicon Pvt. Ltd | सारण नहर प्रमंडल, भोरे/गोपालगंज | 13.02.2026 | 156.2 | 27.92 | 21.95 | वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन | |
| 02 (ग्रुप सं0–07 सहित) | M/S Baibhav Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज/भोरे<br>सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा | 31.05.2026 | 349.09 | 46.51 | 41.62 | वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन | |
| 03 | M/S Baibhav Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, मैरवा | 31.05.2026 | 157.61 | 83.77 | 81.42 | वृक्ष पातन | |
| 04 | M/S Sri Ram Enterprises | सारण नहर प्रमंडल, सिवान/भोरे | 05.01.2026 | 288.13 | 19.82 | 14.16 | वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन | |

| ग्रुप सं0 | संवेदक | प्रमंडल | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि | कार्य की लागत राशि (करोड़ में) | भौतिक प्रगति (प्रतिशत में) | वित्तीय प्रगति (प्रतिशत में) | कार्य की प्रगति में व्यवधान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, एकमा/ महाराजगंज/ छपरा | 31.05.2026 | 337.70 | 74.9 | 69.95 | वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन | |
| 06 | M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, छपरा/ महाराजगंज/ एकमा | 31.05.2026 | 323.70 | 76.05 | 70.95 | वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन | |
| 08 | M/S Patel Engg. | सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज/ सिवान/ मढ़ौरा | 31.05.2026 | 245.42 | 88.44 | 86.01 | वृक्ष पातन | |
| 09 | M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, मैरवा | 31.05.2026 | 158.52 | 43.44 | 41.80 | वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन | |

- बैठक के दौरान सर्वप्रथम प्रमंडलवार निर्गत आवंटन के विरूद्ध किए गए व्यय की समीक्षा की गई। प्राप्त आवंटन के विरूद्ध सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा एवं सारण नहर प्रमंडल, मैरवा द्वारा क्रमशः मात्र 28.86 प्रतिशत एवं 38.33 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त होने के कारण प्रधान सचिव महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 की समाप्ति में लगभग 1.5 माह शेष बचा है, ऐसी स्थिति में सभी कार्य प्रमंडल एवं कार्य से संबंधित संवेदकों को निदेशित किया गया कि युद्ध स्तर पर कार्य कराते हुए निर्गत आवंटन के सापेक्ष समुचित वित्तीय प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए।
- ग्रुपवार मानवबल, मशीन और Key Personnel की समीक्षा के क्रम में ग्रुप सं0–02 (ग्रुप सं0–07 सहित) में मानवबल एवं मशीनरी आवश्यकता के सापेक्ष क्रमशः 53 प्रतिशत एवं 40 प्रतिशत तथा ग्रुप सं0–03 में क्रमशः 21 प्रतिशत एवं 08 प्रतिशत रहने की स्थिति में प्रधान सचिव महोदय द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया। संवेदक M/S Baibhav Pvt. Ltd. द्वारा बताया गया कि ग्रुप सं0–03 में लगभग 84 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसलिए शेष बचे कार्य के सापेक्ष कार्य स्थल पर आवश्यक मानवबल एवं मशीनरी रखा गया है। साथ हीं वृक्ष पातन/वनागार के चयन की समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। ग्रुप सं0–02 अन्तर्गत वृक्ष पातन/वनागार चयन एवं विद्युत पोल शिफ्टिंग की समस्या अभी तक बनी हुई है, जिसके कारण वांछित मानवबल एवं मशीनरी रखने पर भी कार्य की प्रगति नहीं हो सकती है।
- समीक्षा के क्रम में संवेदक मेसर्स श्रीराम इन्टरप्राईजंज द्वारा लीड से किए जा रहे मिट्टी कार्य के भुगतान का मामला उठाया गया। लीड से मिट्टी कार्य के भुगतान संबंधी मामला संवेदक M/S Baibhav Pvt. Ltd. द्वारा भी बैठक के दौरान उठायी गयी।
- संवेदक M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd. द्वारा GST Claim से संबंधित राशि के भुगतान का मामला बैठक में उठाया गया। साथ हीं अन्य संवेदकों द्वारा भी विभिन्न मामले उठाए गए, जिसके

निवारण हेतु अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग को क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं संवेदकों के साथ दिनांक 06.02.2026 को बैठक करने हेतु निदेशित किया गया।

- वृक्ष पातन/वनागार के निर्धारण के संबंध में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान द्वारा बताया गया कि सारण नहर प्रमंडल, भोरे/मैरवा/सिवान प्रमंडलों अन्तर्गत पहले से वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता के संयुक्त निरीक्षण के उपरांत चिन्हित वनागार हेतु पुनः संयुक्त निरीक्षण किए जाने की आवश्यकता संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया जा रहा है, जिससे कार्य में विलंब हो रहा है। साथ हीं वन प्रमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी, सारण स्तर से वृक्ष पातन/वनागार हेतु समुचित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। प्रधान सचिव महोदय द्वारा उपर्युक्त आशय की सूचना पूर्व में न देकर बैठक के दौरान दिए जाने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गई।
- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रक्षेत्र अन्तर्गत मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंताओं के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता है जिससे राज्य सरकार की इस अति महत्वपूर्ण योजना को सुचारू रूप से पूर्ण किया जा सके।
- योजना की समीक्षा के क्रम में वृक्षपातन/वनागार चयन की समस्या, विद्युत पोल के शिफ्टिंग की समस्या, संवेदकों द्वारा मिट्टी कार्य के लिए लीड की मांग, GST Claim के लंबित भुगतान की समस्या मुख्य रूप से परिलक्षित हुए हैं।

<u>**योजना की समीक्षा के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गयेः–**</u>

i. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान, अधीक्षण अभियंता, सिवान/छपरा एवं कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/गोपालगंज/मैरवा/सिवान/मढ़ौरा/छपरा/एकमा/महाराजगंज स्तर से वृक्षपातन/वनागार चयन, विद्युत पोल शिफ्टिंग की समस्या के निराकरण हेतु क्या–क्या कार्रवाई की गयी है विस्तृत प्रतिवेदन आज दिनांक 02.02.2026 को अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02 को उपलब्ध करायी जाय।

**(अनुपालन–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा/सिवान एवं कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/गोपालगंज/मैरवा/ सिवान/मढ़ौरा/छपरा/एकमा /महाराजगंज)**

ii. क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा जिला प्रशासन एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय हेतु निर्गत विभागीय पत्रांक 453 दिनांक 05.12.2025 के आलोक में समुचित कार्रवाई हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

**(अनुपालन–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा/सिवान एवं कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/गोपालगंज/मैरवा/ सिवान/मढ़ौरा/छपरा/एकमा /महाराजगंज)**

iii. संवेदको द्वारा उठाए गए विभिन्न मांगों एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा उक्त पर की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग द्वारा मुख्यालय स्तर पर दिनांक 06.02.2026 को की जाए, जिसमें संबंधित संवेदक एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी सभी अभिलेख के साथ उपस्थित रहेंगे।

**(अनुपालन–अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा/सिवान, कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/गोपालगंज/मैरवा/ सिवान/मढ़ौरा/छपरा/एकमा /महाराजगंज एवं कार्य से संबंधित संवेदक)**

iv. GST Claim के निराकरण हेतु विभाग से सम्बद्ध Consultant की संख्या बढ़ाए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जाए।

**(अनुपालन–अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–01, जल संसाधन विभाग, पटना)**

v. क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं संवेदक युद्धस्तर पर विशिष्टि के अनुरूप कार्य करानां सुनिश्चित करें, जिससे निर्गत आवंटन के सापेक्ष समुचित वित्तीय प्रगति प्राप्त किया जा सके।

**(अनुपालन–अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा/सिवान, कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/गोपालगंज/मैरवा/ सिवान/मढ़ौरा/छपरा/एकमा /महाराजगंज एवं कार्य से संबंधित संवेदक)**

vi. पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन (ई0आर0एम0) से संबंधित कार्यों के समीक्षा दिनांक 17.02.2026 को निर्धारित की गई।

**(अनुपालन– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02)**

81

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा प्रक्षेत्र

1. **मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर में कमला नदी पर निर्मित वीयर के बराज में रूपांतरण कार्य :–**

मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर में कमला नदी पर निर्मित वीयर के बराज में रूपांतरण कार्य की समीक्षा की गयी। उक्त कार्य हेतु राशि रू0 405.6627 करोड़ (पुनरीक्षित 642.6437 करोड़) का प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति संसूचित है। इस योजना अंतर्गत कमला नहर प्रमंडल, जयनगर द्वारा कुल एकरारित राशि रू0 325.6907 करोड़ के विरूद्ध अद्यतन व्यय रू0 264.35 करोड़ है तथा प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति की राशि रू0 642.6437 करोड़ के विरूद्ध अद्यतन व्यय रू0 426.66 करोड़ (भू–अर्जन–106.84 करोड़, पोल शिफ्टिंग– 12.33 करोड़, मॉडल टेस्ट–1.15 करोड़, यांत्रिक कार्य–40.42 करोड़ एवं अन्यान्य–1.57 करोड़, एकरारनामा पर व्यय–264.35 करोड़) है। इस योजना के तहत मधुबनी जिला में 1175 हे0 सिंचाई सृजन क्षमता तथा 7160 हे0 सिंचाई पुनर्स्थापन क्षमता का लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में उक्त योजना हेतु कार्य मद में रू0 98.89 करोड़ तथा भु–अर्जन मद में रू0 2.1721909 करोड़ का उद्व्यय निर्धारित किया गया है तथा अद्यतन आवंटन कार्य मद में रू0 73.00 करोड़ तथा भु–अर्जन मद में रू0 2. 1721909 करोड़ है।

समीक्षा के क्रम मे पाया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 73.12 प्रतिशत है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 05.05.2021 तथा कार्य समाप्ति तिथि 31.12.2025 है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में रू0 75.1721909 करोड़ का आवंटन निर्गत किया गया, जिसके विरूद्ध रू0 37.2221909 करोड़ व्यय प्रतिवेदित किया गया है। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि मधुबनी जिलान्तर्गत कुल 61.64750 एकड़ भूमि का अधिग्रहण सतत लीज के तहत किया जाना है। कुल 61.64750 एकड़ भूमि में से 33.85 एकड़ अधिग्रहित भूमि के लिए कूल 195 रैयतों को रू0 70.657 करोड़ का भुगतान भू–अर्जन पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा किया जा चुका है। कुल 278 खेसरा के विरुद्ध 392 रैयतों द्वारा LPC के लिए अंचलाधिकारी, जयनगर को आवेदन जमा किया गया। जिसमें से 334 LPC निर्गत किया गया है। रैयतों द्वारा भुगतान के लिए अबतक 245 आवेदन जिला भू–अर्जन कार्यालय, मधुबनी को प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध कुल 195 आवेदनकर्ता का भुगतान किया जा चुका है। भुगतान हेतु कूल 106.83 करोड़ आवंटन निर्गत है जिसे कार्यपालक अभियंता द्वारा भू–अर्जन पदाधिकारी, मधुबनी को भेजा जा चुका है। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि वर्तमान में Left Under Sluice में कुल 5 अदद् Peir का निर्माण, Left Marginal Bundh, Right Marginal Bundh एवं Boulder Crating का कार्य प्रगतिधीन है। कुल 41 अदद् Deck Slab का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 42 वॉ Deck Slab का कार्य प्रगतिधीन है। Right Under Sluice के Divide Wall का कार्य प्रगति पर है, जिसमें तीन Well Foundation का कार्य कराया जाना है जिसमें से दो Well Foundation का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 3rd Well Foundation के ऊपर से 33 KV का तार गुजरता है, जिसके कारण कार्य बाधित हो रहा है।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा बताया गया कि विद्युत पोल के स्थानांतरण हेतु कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, जयनगर को कुल राशि रू0 12.32 करोड़ हस्तांतरण किया गया है। इसके बावजूद भी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, जयनगर द्वारा कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लायी गयी है। इस संबंध में ऊर्जा विभाग के प्रबंध निदेशक को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, जयनगर द्वारा विद्युत पोल के स्थानांतरण हेतु पुनः अधियाचित राशि का शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को निदेशित किया गया।

भू–अर्जन की प्रक्रिया में बाधा डाल रहे रैयतों के विरूद्ध FIR दर्ज करने हेतु क्षेत्रीय अभियंताओं को निदेशित किया गया तथा इस संबंध में जिलाधिकारी, मधुबनी को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु कहा गया।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा उपलब्ध कराये गये उक्त कार्य के विचलन का विभागीय स्तर पर अविलंब निस्तारण करने हेतु संबंधित मोनिटर को निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर/कार्यपालक अभियंता, कमला नहर प्रमंडल, जयनगर)**

11/12

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान–221/2022 (अंश)– 343 /पटना, दिनांक : 12-02-2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

11/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान–221/2022 (अंश)– 343 /पटना, दिनांक : 12-02-2026

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

11/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान–221/2022 (अंश)– 343 /पटना, दिनांक : 12-02-2026

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना/अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), जल संसाधन विभाग, पटना/मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, पटना/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02, जल संसाधन विभाग पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान–221/2022 (अंश)– 343 /पटना, दिनांक : 12-02-2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/छपरा तथा कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/छपरा/महाराजगंज/एकमा/मढ़ौरा/मैरवा/गोपालगंज/सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान अपने स्तर से सभी संबंधित संवेदक को बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

11/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः–मो0 2 सिवान–221/2022 (अंश)– 343 /पटना, दिनांक : 12-02-2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई तथा विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

11/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

## परिशिष्ट–1 :–



1. ई0 अवधेश कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना
2. ई0 ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), जल संसाधन विभाग, पटना।
3. ई0 जयप्रकाश पासवान, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान ।
4. श्री शम्स परवेज, मुख्य अभियंता, यांत्रिक, जल संसाधन विभाग, पटना।
5. श्री अनिल कुमार मंडल, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा।
6. ई0 मनोज कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1, पटना
7. ई0 प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।
8. श्री नवीन कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर।
9. ई0 अनिल कुमार, अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान।
10. ई0 मो0 इमरान अहमद, अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा।
11. मो0 आसिफ इकबाल, प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग।
12. ई0 प्रफुल्ल कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–7, पटना।
13. श्री परशुराम यादव, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–4, पटना।
14. श्री आमोद कुमार, कार्यपालक अभियंता, कमला नहर प्रमंडल, जयनगर।
15. ई0 संजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे।
16. ई0 सुरेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, मैरवा।
17. ई0 दीपक कुमार, कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, सिवान।
18. ई0 राजेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, महाराजगंज/एकमा।
19. ई0 मो0 जीशान अली, कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, छपरा।
20. ई0 मो0 कमरूजम्मा, कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा।
21. ई0 इन्द्रजीत कुमार, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02।
22. ई0 नीरज कुमार सिंह, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02।
23. ई0 सुमन बेदी, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।
24. ई0 रौशन कुमार, सहायक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज।
25. श्री अमरेश कुमार, M/S RKS Engicon Pvt. Ltd
26. श्री राजन कुमार, M/S Baibhav Pvt. Ltd.
27. श्री शरद कुमार, M/S Sri Ram Enterprises.
28. श्री विनोद कुमार सिंह, M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd.
29. श्री तुषार शर्मा, M/S Patel Engg.
30. श्री सुधीर कुमार, एम0डी0, M/S RAMKRIPAL SINGH CONSTRUCTION, PVT. LTD